# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024




लेट्स प्ले / पूर्ति खरे

# खेलें खेल
## बनें एक्टिव-हेल्दी-हैप्पी



खेलना हर बच्चे को पसंद होता है। स्टडी और बाकी रूटीन-वर्क के साथ-साथ खेलना भी बहुत जरूरी होता है। खेलने से ताजगी तो मिलती ही है, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी सही रहता है। खेलना क्यों जरूरी है, इससे क्या फायदे हैं, जानो।

ब च्चों, तुमने घर के बड़ों के मुंह से अकसर सुना होगा, 'स्वस्थ तन में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।' पढ़ाई और बाकी मेंटल एक्टिविटीज में एक्टिव रहने के लिए तुम्हारा फिजिकली फिट रहना बहुत जरूरी है। जब तुम कोई गेम, खासकर आउटडोर गेम खेलते हो तो इससे तुम्हारा शरीर फिट रहता है, साथ ही मानसिक विकास भी अच्छा होता है। इसके अलावा खेलने से दूसरे और भी कई लाभ हैं, तुम्हें इसकी भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि तुम शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ रहो।



**उमंग-उत्साह का संचार:** हमारा मन हमेशा उन कामों को करना चाहता है, जिसे करने में हमें खुशी मिलती है। खेल कुछ ऐसी ही एक्टिविटी है, जब भी हम कोई खेल खेलते हैं, हम उमंग-उत्साह से भर उठते हैं। इससे हमें एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। इससे हमारा कंसंट्रेशन अच्छा होता है, जो पढ़ाई में काम आता है, साथ ही अन्य दूसरी एक्टिविटीज में भी हम आगे बढ़ते हैं। यही वजह है कि आजकल स्कूलों में भी फिजिकल और मेंटल एक्टिविटीज को इंपॉर्टेंस दी जाती है।

**बनते हैं डिसिप्लिंड-सेल्फ डिपेंड:** खेल में सफल होने के लिए, एक डिसिप्लिन तो जरूरी है ही, साथ ही स्वयं के प्रयास भी बहुत जरूरी हैं, यही प्रयास हमें सेल्फ डिपेंड बनाते हैं। खेल में सफल होने के लिए नियमित अभ्यास भी बहुत जरूरी है। जो खिलाड़ी इन तीनों बातों का पालन करता है, वह बेहतर प्रदर्शन करता है, सफल होता है। इस तरह खेल हमें सिखाते हैं कि सफल जीवन के लिए डिसिप्लिन, सेल्फ डिपेंडेंट और निरंतर अभ्यास बहुत जरूरी हैं।

**पता चलता है संगठित शक्ति का महत्व:** अधिकांश खेल समूह में खेले जाते हैं। प्रतियोगी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं, लेकिन वे अपनी टीम के प्रति सहयोगात्मक और समर्पित रहती हैं। खेल हमें सिखाते हैं कि जब हम संगठित होकर काम करते हैं, तो निश्चित ही हम श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।



**प्रतिस्पर्धा की भावना हमें श्रेष्ठ करने का जज्बा देती है:** प्रतिस्पर्धा हमें दूसरों से आगे निकलने के लिए प्रेरित करती है। खेलों में यह भावना पूरी तरह से देखी जाती है। यह हमें सिखाती है कि जो आज अच्छा है, वह कल और बेहतर हो सकता है। यही भावना जीवन में भी लागू होती है, जो हमें बेहतर से भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है।

**बढ़ती है मेंटल-फिजिकल एक्टिविटी:** आजकल बच्चे सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं, इससे उनकी सेहत और याददाश्त प्रभावित होती है। खेल शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सक्रियता प्रदान करते हैं, इससे सेहत और याददाश्त सुधरती है। खेल ना केवल तन को बल्कि मन को भी तंदुरुस्त रखते हैं। इस तरह शारीरिक सक्रियता के लिए खेलना जरूरी है।

**हरेक खेल का है अपना महत्व:** खेल के मैदान में खेले जाने वाले खेल हों या दिमागी खेल, हर खेल का अपना महत्व है। खेल जीवन को सक्रिय और दिलचस्प बनाते हैं। हर खेल हमें जीवन से जुड़ी कोई ना कोई सीख देता है। खेलों के माध्यम से हम समय का उपयोग बेहतर ढंग से कर सकते हैं, खुद को रिफ्रेश और अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। *

### कुछ पुराने रोचक खेल





जब बात खेलों की चल ही रही है तो हम कुछ पुराने और परंपरागत खेलों को भी याद करें। ये खेल बहुत ही रोचक, दिलचस्प और मनोरंजक होते थे। बच्चों, जानो इन खेलों के बारे में।

**घोड़ा दीवानशाही:** यह एक समूह में खेला जाने वाला खेल है, जिसे बच्चे गोल घेरे में बैठकर खेलते हैं। किसी एक बच्चे के पीछे कपड़े का एक कोड़ा चुपके से रखा जाता है। अगर उसे कोड़े रखे जाना का पता नहीं चलता तो फिर उस पर कोड़े बरसाए जाते हैं।

**गिल्ली-डंडा:** बहुत ही पुराना खेल है गिल्ली-डंडा। इसमें गिल्ली को डंडे से उछालकर खेला जाता है।

**चपेटा (गोटा):** लड़कियां इस खेल को ज्यादा खेलती हैं। इस खेल में लड़कियां छोटे पत्थर उछाल कर अपने हाथ से पकड़ती हैं।

**चंदा-पउवा (कौड़ी):** चार खिलाड़ियों के साथ खेला जाने वाला खेल, जिसमें गोटियों से अंक जुटाए जाते हैं।

**पर्ची वाले खेल:** पढ़ाई को मजेदार बनाने के लिए यह खेल खेला जाता है, जिसमें वस्तु और शहर के नाम लिखे जाते हैं।

**पिट्ठो:** यह खेल चिकने पत्थर से खेला जाता है, इस खेल को ज्यादातर लड़कियां ही खेलती हैं।

**अंताक्षरी:** कई लोग बैठकर यह खेल खेलते हैं। इसमें दो टीम होती हैं। गाने के अंतिम अक्षर पर टीम के किसी सदस्य को गाना होता है। एक टीम के सदस्य का गाना खत्म होने पर दूसरी टीम का सदस्य गाने के अंतिम अक्षर का गाना गाता है। यह खेल बहुत मनोरंजक होता है।

यह भी जानो / नयनतारा

बच्चों, ऑर्केस्ट्रा में, फिल्मी गीतों में या फिर गीत-संगीत के किसी कार्यक्रम में बहुत सारे म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के साथ-साथ सबसे अधिक संख्या में जो इंस्ट्रूमेंट प्ले किया जाता है, वह है- वायलिन! आओ, हम तुम्हें 'साजों की रानी' वायलिन के आविष्कार की कहानी बताते हैं।



# वायलिन के आविष्कार की कहानी

ब च्चों, अगर तुम सौ संगीतकारों का कोई ऑर्केस्ट्रा देखोगे तो उसमें तीस से अधिक वायलिन बजाने वाले होंगे। वायलिन की टोन, इससे निकलने वाली धुनों और इसके एक्सप्रेशन के मल्टीपल लेवल और विस्तृत रेंज के कारण इसे ऑर्केस्ट्रा और अन्य म्यूजिकल इवेंट्स में अधिक महत्व दिया जाता है।

**वायलिन के शुरुआत की जड़ें भारत में:** बच्चों, वायलिन को विकसित होने में सैकड़ों वर्ष लगे। इसकी शुरुआत अपने देश भारत से मानी जाती है। दरअसल, हमारे देश में ही तारों के साज (म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट) बजाने का चलन आरंभ हुआ था। समय के साथ वीणा, सारंगी, तंबूरा, एकतारा, सितार जैसे साजों का आविष्कार होता गया और ये साज प्रचलन में आते गए। हम देख सकते हैं, आज भी हमारे लोक संगीत में एकतारा, सारंगी, सितार आदि तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स प्रमुखता से बजाए जाते हैं।




**हमसे इंस्पायर हुए यूरोपवासी:** हमारे तार वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स से प्रेरित होकर ही मध्य युग के शुरुआत में यूरोप में अनेक तार वाले साज, 'बो' (धनुषाकार तार वाला उपकरण) के जरिए बजाए जाने लगे। इन साजों में से ही एक 'वीएल्ले' था, जो यूरोप में संभवतः 10वीं शताब्दी में बजाया जाने लगा था। इसे संगीतकार अपने कंधे से लगाकर बजाता था।

**दो साजों के मिलने से बना एक साज:** आगे चलकर वीएल्ले के स्वरूप में भी परिवर्तन आया। उन दिनों एक अरबी साज 'रबाब' या 'रेबेक' भी प्रचलन में आ चुका था। वीएल्ले की स्ट्रेंडी बॉडी में बहुत होशियारी से रबाब के पेग शामिल कर दिए गए और इस मिश्रण से एक नए साज का जन्म हुआ। यह नए प्रकार का इंस्ट्रूमेंट कुछ-कुछ वायलिन जैसा ही था।

**वायलिन के वास्तविक स्वरूप का आविष्कार:** वैसे तो वायलिन को अपना बुनियादी आकार सन 1550 और 1600 के बीच में मिला और तब से उसमें बहुत मामूली परिवर्तन ही आया है। सबसे सफल वायलिन 17वीं-18वीं शताब्दी में बनाए गए। इटली के अंटोनियो स्ट्राडिवारी का वायलिन निर्माण के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्ट्राडिवरी अलग-अलग प्रकार के म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का निर्माण करते थे। इन्होंने एक हजार से अधिक म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स का आविष्कार किया था, जिनमें से अधिकतर वायलिन थे। म्यूजिक और वायलिन के प्रति इनकी दीवानगी के कारण स्ट्राडिवरी को 'उस्तादों का उस्ताद' कहा जाता था।

बच्चों, पांच सौ से अधिक वायलिंस ऐसे हैं, जिनके नाम उन महान संगीतकारों के नाम पर पड़े, जो उन्हें बजाते थे, जैसे-विओट्टी..आदि। *

## जीके क्विज-125

1. हाल ही में किस फेमस टेनिस खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की?
2. चुनाव के बाद एक बार फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. पिछले दिनों फ्रांस के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. आइसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया जा रहा है?
5. स्वाधीनता से पूर्व साइमन कमीशन कब भारत आया था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
8. एफिल टावर कहां स्थित है?
9. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?



बच्चों, जीके क्विज-125 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-124 का उत्तर :** 1.यूएई, 2.विराट कोहली, 3.मिथुन चक्रवर्ती, 4.जर्मनी, 5. पामीर का पठार, 6.लोहा, 7.कैरोटीन, 8.शेरशाह सूरी, 9.ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, 10.मत्स्य पालन

**जीके क्विज-124 का सही उत्तर देने वाले :** अनिल-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, जय-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, आशुतोष-परसदा, आर्यन-रोहतक, दिव्या-रायपुर, हितेश-महासमुंद

## हंसगुल्ले



**नव्या** : दुनिया में कितने देश हैं?
**नैंसी** : सिर्फ एक देश है– भारत।
**नव्या** : तो फिर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, रूस ये सब क्या हैं?
**नैंसी** : अरे बुद्धू, वो सब तो विदेश हैं।
**-खुशबू, रायपुर**

चिंटू स्कूल जाते हुए बहुत रो रहा था।
**पापा** : चुप हो जाओ.. शेर बच्चे रोते नहीं।
**चिंटू** : लेकिन शेर बच्चे स्कूल भी तो नहीं जाते।
**-राहुल, महासमुंद**

**मोनू** : मैं चावल को बर्फ बना सकता हूं।
**सोनू** : (आश्चर्य से) वो कैसे?
**मोनू** : 'R' हटाकर।
**सोनू** : मतलब?
**मोनू** : जब हम RICE (चावल) में से R हटा देंगे तो ICE (बर्फ) ही तो बचेगा न।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

# गोलू और नन्ही चिड़िया

गोलू अपने मामा के गांव से लौटकर आया तो उसे वहां के बगीचे में फुदकती एक चिड़िया बहुत याद आती। उसका यही मन करता, वह चिड़िया यहां भी दिखाई दे। लेकिन चिड़िया दिखाई कैसे देती, उसके घर के आस-पास कोई पेड़ ही नहीं था, जिस पर आकर चिड़िया बैठती, चहकती। क्या गोलू अपने घर के आस-पास पेड़ की कोई व्यवस्था कर पाया?



कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

वि द्यालय में दशहरे की छुट्टियां हुईं तो गोलू अपने मामा के गांव चला गया। वहां से जब वह वापस अपने घर लौटा तो उदास था। मामा के गांव में उसके कई दोस्त बन गए थे। उन सबकी गोलू को बहुत याद आ रही थी। सबसे ज्यादा नन्ही चिड़िया याद आ रही थी, जो रोज सुबह बगीचे में उससे मिलने आती थी। हुआ यह कि एक सुबह गोलू बगीचे में बैठा दूध-रोटी खा रहा था, तभी उसकी नजर अमरूद के पेड़ की निचली डाल पर बैठी एक सुंदर-सी चिड़िया पर पड़ी। गोलू को लगा कि चिड़िया उसे दूध-रोटी खाता देख रही है। उसने रोटी का एक टुकड़ा चिड़िया के सामने फेंक दिया, पहले तो चिड़िया ने उसे टुकुर-टुकुर गर्दन मटकाते देखा फिर रोटी का टुकड़ा आकर खा लिया। अगले दिन फिर ऐसे ही हुआ। फिर तो यह गोलू का खेल ही बन गया। मामी उसे खाने के लिए कटोरी में दूध-रोटी देतीं, तो वह बगीचे में जाकर बैठ जाता। एक-दो कौर खाने के बाद ही देखता कि चिड़िया अमरूद के पेड़ की डाल पर आ बैठी है। उससे रोटी पाने का इंतजार कर रही है। गोलू को आश्चर्य होता कि चिड़िया को उसके आने का पता कैसे लगा जाता है? गोलू की इस चिड़िया से बहुत अच्छी दोस्ती हो गई थी।

गोलू जब वापस शहर अपने घर पर लौटा तो भी वह चिड़िया उसे बहुत याद आ रही थी। गोलू की आंखों में आंसू आ गए। उसकी मां ने देखा तो उन्हें यही लगा, मामा के गांव के दोस्तों का साथ छूट जाने से वह दुखी है।

गोलू रात सोया तो सपने में वही नन्ही सुंदर चिड़िया आई। पेड़ पर बैठकर वह गोलू को देख रही थी। गोलू बहुत खुश था। सुबह उठने पर उसे यकीन ही नहीं हुआ कि वह अपने घर में है। गोलू कटोरी में दूध-रोटी लेकर घर के बाहर बैठ गया। उसे लगा कि शायद यहां शहर में भी चिड़िया आएगी। लेकिन यहां दूर-दूर तक कोई चिड़िया नहीं थी। स्कूल जाते हुए वह पूरे रास्ते इधर-उधर देखता रहा कि कहीं वह चिड़िया दिख जाए। उसने दोस्तों से सुना था, चिड़िया उड़कर कहीं भी पहुंच सकती है। स्कूल में पढ़ाई के समय भी वह क्लास में चिड़िया के बारे में सोचता रहा। उसे अपने जिगरी दोस्त चीकू से मिलकर भी खुशी नहीं हुई। स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर लौटते समय गोलू ने चीकू को उस चिड़िया के बारे में बताया। चीकू ने बताया, 'मेरे चाचा ने एक चिड़िया पाली थी, पर वह दो दिन में ही उड़ गई। अब वह कभी-कभी पास के पेड़ की डाल पर आकर बैठती है। पेड़ ही तो चिड़िया के घर होते हैं।'

यह सुनकर गोलू उदास हो गया। उसके घर के सामने तो कोई पेड़ ही नहीं है। घर लौटते ही उसने देखा कि दरवाजे पर दादी बैठी हैं। गोलू ने दादी से कहा, 'मैं घर के सामने पेड़ लगाऊंगा, तभी तो चिड़िया बैठेगी।' दादी यह सुनकर जोर से हंस पड़ीं, बोलीं, 'पौधे लगाएगा, तभी तो पेड़ बनेंगे।'

गोलू सोच में पड़ गया कि वह पौधे लाए तो कहां से लाए? दादी को पता था कि ननिहाल से लौटने के बाद से ही गोलू उदास है। उन्होंने कहा, 'तू चिंता मत कर। हरिया माली से कहकर कुछ पौधे मंगवा लूंगी मैं। वह लगा भी देगा।'

अगले दिन गोलू ने स्कूल से आकर देखा कि घर के सामने कुछ पौधे लगाकर हरिया काका ने उन्हें बांस से घेर भी दिया है। खुशी से वह अंदर गया, तो दादी बोलीं, 'बेटा, सिर्फ खुश होने से काम नहीं चलेगा। इन नन्हे पौधों में रोज पानी तुझे ही देना होगा, तभी ये पेड़ बनेंगे, इनमें फूल खिलेंगे, फल आएंगे। इन पर आकर कई सारी चिड़ियां बैठेंगी।'

गोलू खुशी-खुशी राजी हो गया। मन ही मन बोला कि कल स्कूल जाने पर चीकू को सबसे पहले यह खबर दूंगा। उस रात सपने में गोलू को फिर वह चिड़िया दिखाई दी। इस बार वह मामा के घर के बगीचे में अमरूद के पेड़ पर नहीं, उसके घर के सामने लगे पौधों के बीच इधर-उधर फुदक रही है। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## उड़कर आसमान को छू लें

चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।
बिना पेड़ पर चढ़े रसीले, आम तोड़ कर खाएं।।
पंख हमें दो ऐसे, जिसमें हों सोने के सिक्के,
जिसे देख कर धरतीवासी रह जाएं भौचक्के,
गिरें टपाटप सिक्के, पांखें जितनी बार हिलाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
आसमान में छैल-छबीली ढेरों उड़ें पतंगें,
लड़ें पेंच पर पेंच सैकड़ों जब भी कटें पतंगें,
कटी पतंगों को उड़कर हम पकड़-पकड़ फिर लाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
नाना जी के घर जाना हो या जाना हो मेला,
जाम लगा हो या सड़कों पर उमड़ रहा हो रेला,
पल में पंख पसारें अपनी मंजिल को हम पाएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
बस गाड़ी का इंतजार भी करना नहीं पड़ेगा,
मम्मी-पापा को संग लेकर चलना नहीं पड़ेगा,
उड़कर पढ़ने जाएं, विद्यालय से उड़कर आएं।
चिड़िया रानी पंख हमें दो, हम ऊंचे उड़ जाएं।।
चिड़िया बोली पंख तुम्हारे भीतर लगे हुए हैं,
हिम्मत, ताकत, जोश, हौसले के पर उगे हुए हैं
बस अंदर झांकें, अपने इन पंखों को फैलाएं।
उड़कर आसमान को छू लें, जो चाहें, वो पाएं।।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां जंगल की सैर पर निकले भोलू भालू के दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सातों अंतर खोजो।



उत्तर: 1.भोलू भालू की कैप का रंग बदला हुआ है। 2.उसके सिर के ऊपर बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 3.ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी से तीन पत्तियां गायब हैं। 4.ऊपर दाईं तरफ की टहनी में अलग तरह की पत्तियां दिख रही हैं। 5.नीचे दाईं तरफ स्नेल (घोंघे) का कलर बदला हुआ है। 6.नीचे बाईं तरफ दो फूलों का रंग बदला हुआ है। 7.नीचे भोलू के आगे अलग किस्म के दो मशरूम प्लांट्स दिख रहे हैं।

## पूरा करो लोकोक्ति-मुहावरे

बच्चों, यहां कुछ अधूरी लोकोक्तियां और मुहावरे दिए गए हैं, इन सभी में रिक्त स्थानों पर शरीर के किसी-न-किसी अंग का नाम भरने से ये पूरे और अर्थपूर्ण हो जाएंगे। तुम रिक्त स्थानों में उपयुक्त अंगों का नाम भरकर इन लोकोक्तियों/मुहावरों को पूरा करो।

1. ............ का तारा होना।
2. ............ पर जूं न रेंगना।
3. ............ का बाल होना।
4. ............ पर सवार होना।
5. ............ पर मूंग दलना।
6. ............चौड़ा होना।
7. ............ का पानी न हिलना।
8. ............ मुंह को आना।
9. ............ की जूती।
10. ............बांका न होना।
11. ............धोकर पीछे पड़ना।
12. ............जाए पर दमड़ी न जाए।
13. ............ खट्टे करना।
14. ............ टेक देना।
15. ............पर मौत सवार होना।

**प्रस्तुति : दीनदयाल शर्मा**

उत्तर : 1.आंख 2.कान 3.नाक 4.सिर 5.छाती 6.सीना 7.पेट 8.कलेजा 9.पैर 10.बाल 11.हाथ 12.चमड़ी 13.दांत 14.घुटने 15.सिर

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक नन्ही परी का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि इस नन्ही परी के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर-2

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 मेले में 320 हितग्राहियों को आवास पूर्णता व नवीन...





12 मरीजों की हालत में सुधार नहीं होने पर जिला...







## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


## लापरवाही: आंबा केन्द्र में सामग्री का उपयोग नहीं करने पर नाराज हुए कलेक्टर

# सीडीपीओ और सुपरवाइजरों को नोटिस कार्यकर्ता को हटाने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कोहकापाल केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर हरिस एस बकावण्ड विकासखण्ड के कोहकापाल आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण करने पर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्रदाय की गई सामग्रियों का उपयोग नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इस संबंध में संबंधित सीडीपीओ, सुपरवाइजर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता को हटवाने की कार्रवाई करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेडी टू ईट सामग्रियों को अव्यवस्थित रखने रसोई कक्ष का नहीं होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। जनपद सीईओ को रसोई कक्ष निर्माण, सहित शौचालय में रनिग वाटर की सप्लाई दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत मालगांव के पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान संचालक से राशन कार्ड की स्थिति, केवाईसी की स्थिति एवं खाद्यान भण्डारण की जानकारी ली और चावल, चना, गुड़ इत्यादि की उपलब्धता के बारे में ग्रामीणों से चर्चा किए। उन्होंने ग्राम पंचायत में पेंशनर्स की स्थिति, पेंशनर्स की संधारित पंजी, जन्म-मृत्यु पंजीयन, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, मनरेगा के तहत की जा रही कार्यों की स्थिति का संज्ञान लिया। उन्होंने पेंशनर्स की पंजी में आगामी माह में पात्र होने वाले पेंशनरों की जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रोजगार सहायक एवं कार्यक्रम अधिकारी को 7 पंजी संधारण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर किए।



### स्कूल परिसर में शराब पी रहे

प्राथमिक शाला बजावण्ड के परिसर में कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने स्कूली बच्चों के साथ पंगत में बैठकर दोपहर का भोजन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई एवं मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछा। प्रधान पाठक ने स्कूल भवन के स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीने जैसे कृत्य किया जाता है इसे रोकने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने ग्राम के सरपंच और अन्य ग्रामीणों को इस पर आवश्यक कदम उठाने की समझाइश दी। भोजन उपरांत कलेक्टर ने परिसर का निरीक्षण के करते हुए जीर्णशीर्ण रसोई घर को तोड़कर सहेली शाला वाले भवन में संचालित करने के निर्देश दिए। स्कूल परिसर में कलेक्टर से मिलने पहुंची ग्रामीण महिला ने आवास योजना की पूरी राशि नहीं मिलने की बात बताई। कलेक्टर ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही बजावण्ड के देव-स्थल के विकास कार्य का निरीक्षण किया।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से छठवीं की छात्रा गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अधीक्षिका ने लोहण्डीगुड़ा थाने में लिखाई रिपोर्ट
- एक दिन पहले ही त्योहार मनाकर घर से थी लौटी

लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छटवीं कक्षा की छात्रा बुधवार सुबह 11 बजे से गायब है। इस संबंध में अधीक्षिका श्यामबती कश्यप ने लोहण्डीगुड़ा थाना में बालिका के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा के अध्यक्ष महेश कश्यप ने बताया कि बालिका के गायब होने के गंभीर मामले पर छात्रावास और जिम्मेदार अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मामला कायम

आश्रम अधीक्षिका की रिपोर्ट पर गुम इंसान और अपहरण जैसे अपराध के अंतर्गत मामला कायम किया गया है। बालिका की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास जारी है। बालिका लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के एक अंदरूनी गांव की रहने वाली है। छात्रा नाबालिग है इसलिए परिजनों से भी जानकारी लेकर तलाश की जा रही है।

**गणेश यादव,** टीआई लोहण्डीगुड़ा

## अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जगदलपुर।** ओड़िशा से छत्तीसगढ़ की ओर होने वाले अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के दिशा निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया ▶▶| शेष पेज 12 पर



## गुम हुई बच्ची को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**दंतेवाड़ा।** मां के साथ बाजार करने आई गुम हुई बच्ची को दो घंटे के भीतर पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। मिली जानकारी के अनुसार जिला दंतेवाड़ा के बचेली थाना अंतर्गत कोड़ेनार निवासी कोसी सोढ़ी अपने 2 वर्ष 6 माह की बच्ची के साथ बाजार के लिए बचेली आयी थी। दोपहर बाजार करने पश्चात वापस किरंदुल जाने के लिए बस स्टैंड के पास अपने बच्ची के साथ बस ▶▶| शेष पेज 12 पर




KV KAMLA VIJAY —JEWELLERS—

# कमला विजय ज्वेलर्स

भव्य शुभारंभ

18 से 20 अक्टूबर 2024

18 अक्टूबर 2024
11 बजे से

**कमला विजय ज्वेलर्स**

बंधा तालाब के पास, जगदलपुर रोड -
नेताम हॉस्पिटल के सामने - मेन रोड भेलवापदर,
कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

कोटड़िया परिवार
— कोण्डागांव —

9425258552, 7000520931




## खबर संक्षेप

### विधायक ने की मां लक्ष्मी की पूजा



दरभा। चितापुर ग्राम में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल पहुंचे। जहां उनके गांव चितापुर में ग्राम प्रमुखों के द्वारा मां लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल ने मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर विधायक ने कहा कि लक्ष्मी पूजा का आयोजन भव्य है। इसमें जुड़े लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मां लक्ष्मी की पूजा से धन-संपत्ति की भरमार होती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महालक्ष्मी देवी धन-धान्य की अधिष्ठात्री हैं। इनके पूजन से दरिद्रता का नाश होता है तथा धन वैभव की प्राप्ति होती है।

### बुरगुम के स्कूल में न्यौता भोज से बच्चों में दिखी खुशी



नकुलनार। कुआकोंडा ब्लॉक के अंदरूनी स्कूल पुजारीपाल बुरगुम में आज न्यौता भोज कार्यक्रम किया गया। दरअसल दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में छात्रों के बीच जनप्रतिनिधि अधिकारी पहुंचकर न्यौता भोज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत कुआकोंडा ब्लॉक के 12 संकुल के 25 स्कूलों में इस आयोजन को किया गया। नक्सल प्रभावित बुरगुम के पुजारीपाल स्कूल में न्यौता भोज कार्यक्रम करने के लिये नदी पार कर शिक्षक और अधिकारी पहुंचे थे। जहां स्वादिष्ट पकवान का आनंद बच्चों और पालकों ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर लिया। इस आयोजन में एसएमसी सदस्य और छात्रों के पालक भी शामिल हुये।

## पूर्व सीएम और मंत्री की तस्वीरें कूड़ेदान में फेंकने पर उठा बवाल

# कांग्रेसियों ने घेराव कर परियोजना अधिकारी पर एफआईआर के साथ निलंबन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

खबर का असर




दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा में महिला बाल विकास विभाग द्वारा छग की पूर्व सरकार में सीएम रहे कांग्रेसी नेता भूपेश बघेल और अनिला भेड़िया की सैंकड़ों तस्वीरें कार्यालय के गोदाम के सामने कूड़ेदान में बच्चों को बांटने वाली मूंगफली चिक्की के साथ फेंक दिया था। जिस खबर को हरिभूमि समाचार पत्र ने सबसे पहले प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होते ही कांग्रेसियों ने अपने नेता की तस्वीर कूड़ेदान में फेंकने की बात को लेकर कुआकोंडा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भास्कर राठौर के नेतृत्व में कुआकोंडा आईसीडीएस कार्यालय घेराव करने पहुंच गये।

### भारी सुरक्षा बल तैनात

कांग्रेसी कार्यकर्ता जब कार्यालय घेराव के लिये निकले तो तनाव की स्थिति से निपटने के लिये कुआकोंडा थाने से पर्याप्त जवानों का बल भी लगाया गया था। जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घेराव करने पहुंचे।

### एफआईआर व कार्रवाई की मांग की

तस्वीरें कूड़ेदान में फेंकने के मामले में आईसीडीएस अधिकारियों से नाराज कांग्रेसियों ने



एक ज्ञापन कुआकोंडा तहसीलदार महेश कश्यप को सौंपकर कुआकोण्डा परियोजना अधिकारी अनिल लुनिया पर एफआईआर, फिर जांच उपरांत निलबंन की कार्यवाही की मांग की है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष भास्कर राठौर ने कहा कि आईसीडीएस विभाग में जो भी योजना हमारे कार्यकाल में अच्छे से चल रही थी। उन सब योजनाओं पर भाजपा आने के बाद से ब्रेक लग गया है। बेलगाम अधिकारी मनमानी करते हैं। इस तरह हमारे नेताओं की तस्वीरों के साथ जो हरकत विभाग ने किया है, इसे हम बर्दाश्त नही करेंगे।

## महिला आयोग में नियुक्त सदस्य ओजस्वी और दीपिका ने किया पदभार ग्रहण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति शासन द्वारा की गई। दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और सुकमा की दीपिका सोरी ने आज आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने कहा। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेज कर राज्य महिला आयोग के सभी 5 सदस्यों की जल्द से जल्द नियुक्ति के साथ ही सभी संभाग से खासकर सरगुजा एवं बस्तर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति की मांग की गई थी। जिस पर अमल करते हुए राज्य शासन द्वारा सरगुजा, बस्तर, रायपुर संभागों से सदस्यों की नियुक्ति करने पर डॉ. किरणमयी नायक ने मुख्यमंत्री का आभार माना। आयोग कार्यालय में सदस्यों के पदभार के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग के सचिव मनोज कुमार सिन्हा, सहायक संचालक पुष्पा किरण कुजूर, आयोग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में कलेक्टर ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सम्बध में जानकारी दी।

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर संबित मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस कर नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी दिया है। कलेक्टर ने बताया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया है,कि जिले के चारों ब्लॉकों में मतदाताओं की संख्या कुल 1,43725 है। जिसमें महिला मतदाता 74700 पुरूष मतदाता 69017 और थर्ड जेंडर 8 है। नगरीय निकाय बीजापुर के 15 वार्डों में दावा आपत्तियों के लिए नियुक्त किये गये है। 16 से 23 अक्टूबर तक दावा आपत्तियां की जा सकती है और 24 से 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। वहीं नगरपालिका परिषद बीजापुर के निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को किया जायेगा। नगरपालिका परिषद बीजापुर में कुल मतदाता 13506 है,जिसमें पुरूष मतदाता 6653 महिला मतदाता 6853 है।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर गहन

- बस्तर ओलम्पिक में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करें : कमिश्नर

चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही वीसी के माध्यम से कोंटा, सुकमा और छिंदगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी जुड़े थे।

कमिश्नर ने बस्तर ओलम्पिक में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों से समन्वय कर पंजीयन प्रक्रिया को तीव्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत से लगभग 100 लोगों का पंजीयन किए जाने कहा। इस दिशा में शिक्षकों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिनों के सहयोग से प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता अभियान चलाए जाने पर बल

कमिश्नर ने प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जन चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत और तहसील स्तर पर करने पर जोर दिया गया। जिसमें मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर आम जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए।

### विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक के दौरान बीते माह आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर चर्चा की गई। विशेष रूप से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्यों की स्थिति पर भी अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कमिश्नर सिंह ने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### राजस्व मामलों के निराकरण स्थिति की समीक्षा

राजस्व मामलों के निराकरण सहित भूमि आबंटन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम उज्वला योजना और श्रम कार्ड के पंजीयन में तेजी लाने का आग्रह किया गया। नगरीय निकायों को आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए कांजी हाउस स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नक्सल पीड़ित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया की स्थिति पर भी चर्चा किया गया।

# साइबर टीम ने चलाया जन जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पुलिस दन्तेवाड़ा की साइबर संगवारी टीम द्वारा शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिला पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा जिले की डिजिटल सुरक्षा को सशक्त बनाने और नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिये साइबर संगवारी जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को जिला दन्तेवाड़ा साइबर सेल की साइबर संगवारी टीम द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को साइबर अपराधों से बचने एवं साइबर अपराधियों के जाल में नही फंसने के सशक्त उपाय बताकर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत साइबर नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक कल्पना वर्मा एवं साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक हेमशंकर गुनेन्द्र के द्वारा शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने सरल भाषा में समझाया और बताया कि किसी प्रकार के लुभावनें ऑफर व लिंक से दूर रहें। अनजान व्यक्ति से लेनदेन न करें, निजी जानकारी शेयर ना करें, ऑनलाईन पेमेंट एवं खरीदी करते समय हमेशा सावधानी बरतने एवं सतर्क रहने की सलाह दिये एवं सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने गुरुवार को अपने पहले निरीक्षण दौरे में जिले के बकावण्ड विकासखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मालगांव के वेलनेस सेंटर निरीक्षण में ओपीडी की स्थिति, एएनसी की स्थिति, संस्थागत प्रसव की स्थिति, स्टॉफ की स्थिति एवं उपस्थिति पंजी का जायजा लिया। साथ ही कोल्ड चैन पाइंट का अवलोकन वैक्सीनेशन के स्टॉक, बच्चों को बूस्टर डोज लगाने की स्थिति की जानकारी ली। मालगांव सेक्टर में टीबी, लेप्रोसी के केस की स्थिति की जानकारी लेकर टेस्टींग की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने औषधि भण्डारण कक्ष में दवाईयों की उपलब्धता, एन्टी वेनम तथा रेबीज की दवाई की स्थिति, पैथोलाजी कक्ष में प्रतिदिन की जानी वाली स्वास्थ्य जांच की संधारित पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड पंजीयन स्थिति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### जनसंख्या में वृद्धि के बाद भी पंचायत चुनावों में भागीदारी व प्रतिनिधित्व नगण्य




बीजापुर। जिले में जहां सबसे बड़ी संख्या अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, वहीं दूसरी सबसे बड़ी संख्या अनुसूचित जाति वर्ग की है। मात्रात्मक त्रुटि में सुधार पश्चात आए आदेश के बाद अब संख्या में और ज्यादा वृद्धि हो गई है। बावजूद इसके अनुसूचित जाति वर्ग (एससी) की त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भागीदारी और प्रतिनिधित्व नगण्य है। जबकि कम जनसंख्या के बावजूद सामान्य वर्ग के लिए बीजापुर जिले में जिला पंचायत के दो सीट आरक्षित हैं। जिसमें गंगालूर और तिमेड़ शामिल हैं। इन दोनों इलाकों में अनुसूचित जाति वर्ग की बहुतायत है। साथ ही साथ उसूर विकासखंड में भी अनुसूचित जाति वर्ग की बहुतायत है।

बीजापुर जिला पंचायत में कुल 10 सीटें हैं, जिसमें 8 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। वहीं गंगालूर और तिमेड़ सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित सीटें हैं। जबकि इन दोनों सीटों पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की बहुलता है। अब अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी अपने प्रतिनिधित्व को लेकर मांग कर रहे हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक डी. नागेश्वर बताते हैं कि अविभाजित मध्यप्रदेश से हम अपने प्रतिनिधित्व को लेकर समय समय पर मांग करते रहे हैं। मात्रात्मक त्रुटि की वजह से हमें लंबा और कठिन संघर्ष करना पड़ा था। आखिरकार अब अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र बनने लगे हैं। हम सरकार से और महामहिम राज्यपाल से भी मांग करेंगे कि बीजापुर जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनावों में प्रतिनिधित्व करने का हक और अधिकार दें।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

क्रमांक/12-11/समा./3119 | जगदलपुर, दिनांक 17/10/2024

### बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. जगदलपुर के बस्तर उपसंभाग अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत लाईन का दिपावली पूर्व रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

| क्र. | दिनांक/ दिन | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.10.2024 शुक्रवार | बालेंगा | 11 के.व्ही. बालेंगा टाउन फिडर | बालेंगा फिडर के अंतर्गत बालेंगा, नवागुड़ा दुबेउमरगांव, रघुनाथ मेटल्स एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. भानपुरी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. केशरपाल फीडर | फाफनी, कुम्हली, नंदपुरा, केशरपाल एवं संबंधित समस्त ग्राम |
| | | बोरीगाव सबस्टेशन | 11 के.व्ही. बोरीगांव फीडर | बोरीगाव, सतलावण्ड, चिनारी |
| 2 | 19.10.2024 शनिवार | बस्तर | 33/11 के.व्ही. S/S बस्तर | संपूर्ण नगर पंचायत बस्तर, परचनपाल, टाकरागुड़ा, एक्टागुड़ा, कलारतरई एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही.घोटिया उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. राजपुर फीडर | राजपुर, मुण्डागॉव, कोहकासिवनी एवं आने वाले समस्त ग्राम |
| | | 33 के.व्ही. सतोषा सबस्टेशन | 33 के.व्ही. सतोषा फीडर | सतोषा सबस्टेशन से संबंधित सभी फीडर |
| 3 | 21.10.2024 सोमवार | चोकर | 11 के.व्ही. आडावाल फिडर | आड़ावाल फिडर के अंतर्गत ग्राम आड़ावाल, भाटपाल, झपटगुड़ा भरनी, नारायणपाल एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. भानपुरी उपकेन्द्र | 11 के. व्ही. सोनारपाल फीडर | तारागॉव, मुजला, सोनारपाल, देवड़ा, चपका एवं आने वाले समस्त ग्राम |
| | | बकावण्ड सबस्टेशन | 11 के.व्ही. जैतगिरी फीडर | कौड़ावण्ड, बदलावण्ड, जैतगिरि, गिरोला, बनियागांव, पाहुरबेल, दामागुड़ा, उड़ियापाल, सिमोड़ा। |
| 4 | 22.10.2024 मंगलवार | घाटलोहंगा | 11 के.व्ही. कुड़कानार फिडर | कुड़कानार फिडर के अंतर्गत कुड़कानार, टिकरालोहंगा, कविआसना, घाटकवाली एवं समस्त ग्रमीण क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. गारेंगा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. गारेंगा फीडर | गारेंगा,बड़े जिराखाल, मरेंठा, फरसरा एवं आने वाले समस्त ग्राम |
| | | मालगाव सबस्टेशन | 11 के.व्ही.मालगाव फीडर | मालगांव, करीतगावं, धोबीगुड़ा, इरिकपाल, गुमडेल, परउगुड़ा, कोरपाल, कानापाल |
| 5 | 23.10.2024 बुधवार | बालेंगा | 11 के.व्ही. टिकनपाल | 11 के.व्ही. टिकनपाल अंतर्गत टिकनपाल, उसरी एवं समस्त ग्रमीण क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही० भानपुरी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. करन्दोला फीडर | करन्दोला, फरसागुड़ा एवं आने वाले संबंधित |
| | | 33/11 के.व्ही. गारेंगा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. टुण्ड्रीआमा फीडर | टुण्ड्रीआमा |
| | | घाटलोहंगा सबस्टेशन | 11 के.व्ही. किंजोली फीडर | बोरपदर, कचनार, नेगानार किंजोली, रामपाल, पण्डानार, बेड़ाउमरगांव, चालनार, झारउमरगांव, छोटेदेवडा |
| 6 | 24.10.2024 गुरूवार | चोकर | 33/11 के.व्ही. S/S चोकर | चोकर सब स्टेशन के अंतर्गत ग्राम चोकर, मुंडापाल, महुपालबारी, करमरी, मरलेंगा, आड़ावाल, नारायणपाल, घाटकवाली, कुड़कानार, नदीसागर, बोड़नपाल, झारतरई, भाटपाल, भोण्ड, लामकेर, सालेमेटा एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. भानपुरी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. भानपुरी फीडर | बाकेल, फरसागुड़ा, कुगारपाल, खड़का, सोरगॉव मुरकुची, एवं आने वाले संबंधित ग्राम |
| | | करपावण्ड सबस्टेशन | 11 के. व्ही. करपावण्ड टाउन फीडर | करपावण्ड |
| 7 | 25.10.2024 शुक्रवार | बस्तर | 11 के.व्ही. देउरगांव फिडर | देउरगांव, संवरापारा, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कोलियापारा कोकामुण्डा, भरवांपदर |
| | | 33/11 के. व्ही. सिवनी उपकेन्द्र | 11 के. व्ही. मधोता फीडर | छोटे अलनार, मधोता, सिवनी आमागुड़ा एवं आने वाले संबंधित ग्राम |
| 8 | 26.10.2024 शनिवार | बालेंगा | 33/11 के.व्ही. S/S बालेंगा | बालेंगा सब स्टेशन के अंतर्गत ग्राम बालेंगा, टिकनपाल, उसरी, दुबेउमरगांव, गुफनी, खोरखोसा, पिपलावण्ड, सितलावण्ड, मावलीगुड़ा एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. घोटिया उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. मांदलापाल फीडर | मांदलापाल, गोंदियापाल, गुनपुर, सुधापाल एवं आने वाले संबंधित ग्राम |
| 9 | 28.10.2024 सोमवार | घाटलोहगा | 33/11 के.व्ही. S/S घाटलोहंगा एवं 11 के.व्ही. कोलचुर फिडर | घाटलोहंगा सब स्टेशन के अंतर्गत मोंगरापाल, रेटावण्ड, ईच्छापुर कुड़कानार, टिकरालोहंगा, कविआसना, घाटकवाली, कोलचुर, चिड़ईपदर, भरनी, कुदालगांव, किंजोलीपाल, पंडानार एवं समस्त ग्रमीण क्षेत्र |
| | | 33/11 के. व्ही. भानपुरी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. सालेमेटा पी.एच.ई. फीडर | सालेमेटा बांध स्थित फिल्टर प्लांट |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"

एस. के. खेस्स
कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा. ) संभाग
छ.रा.वि.वि.कं. मर्या. जगदलपुर

